पंजाब केसरी 10/10/2024

जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया उद्योग भ्रमण

उद्योग भ्रमण करते जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी। (देवदत्त)

अम्बाला, 9 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में बुधवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन में कम्प्यूटर अनुप्रयोग विभाग ने बी.सी.ए. और एम.सी.ए. के विद्यार्थियों के लिए उद्योग भ्रमण का आयोजन किया।

विभाग से डा. गीता कौशिक एवं प्रो. कवीश नायक ने 25 विद्यार्थियों के साथ एक्सपोर्ट सॉफ्ट टैक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के अम्बाला छावनी स्थित परिसर का दौरा करके कंपनी के सी.ई.ओ. सुनील ओहरी एवं अन्य अधिकारियों से मुलाकात की, जिन्होंने विद्यार्थियों को अपनी कंपनी की कार्य संस्कृति और काम के लिए उपयोग की जा रही तकनीकों से परिचित करवाया।